पत्रांक 15/ए 3–21/2024
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अमित कुमार पुष्पक,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा।

पटना, दिनांक 2025

विषय :– डॉ0 महाचन्द्र प्रसाद सिंह महाविद्यालय, पिपरा, चाँदपरसा, सिवान को संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के पत्रांक 1801(R) दिनांक 14.11.2024 द्वारा डॉ0 महाचन्द्र प्रसाद सिंह महाविद्यालय, पिपरा, चाँदपरसा, सिवान को कला एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक प्रतिष्ठा के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2024–28 एवं 2025–29 के लिये नव संबंधन के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। उपर्युक्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरान्त राज्य सरकार द्वारा डॉ0 महाचन्द्र प्रसाद सिंह महाविद्यालय, पिपरा, चाँदपरसा, सिवान को शैक्षणिक सत्र 2024–28 में व्ययगत शैक्षणिक सत्र को छोड़कर शैक्षणिक सत्र 2025–29 कला एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक प्रतिष्ठा स्तर के निम्नांकित विषयों में बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21 (2) (d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक 1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक 3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानों के तहत संबंधन प्रदान किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ दी जाती है कि:–

1. संबद्धता प्राप्ति के उपरान्त कॉलेज के निरीक्षण में, यदि शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना में यदि निर्धारित मापदंड में कमी पायी जाती है, तो विश्वविद्यालय द्वारा संबंधन को समाप्त करने की अनुशंसा करेगा।

2. यू0जी0सी0 के अद्यतन मानक के अनुरूप अपेक्षित संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति/नियोजन सुनिश्चित करेगा।

| क0 स0 | संकाय | संबंधन का विषय | संबंधन की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक कला एवं वाणिज्य संकाय (स्नातक प्रतिष्ठा स्तर) | अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजनीतिविज्ञान, मनोविज्ञान, समाजविज्ञान, एवं वाणिज्य | शैक्षणिक सत्र 2025–29 के लिये अस्थायी नवसंबंधन |

प्रस्ताव पर माननीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(अमित कुमार पुष्पक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–15/ए 3 –21/2024 2249 पटना, दिनांक– 23.05.2025

प्रतिलिपि:– उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, डॉ0 महाचन्द्र प्रसाद सिंह महाविद्यालय, पिपरा, चाँदपरसा, सिवान एवं विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/5/25
सरकार के उप सचिव